NAME: PRATYUSH SRIKANTA ROUT
STD: 7TH DIV: LOTUS R.No.-48
2ND PRIZE IN HINDI ELOCUTION COMPETITION.

शीर्षक : अन्नदाता किसान

किसान पर निबंध

किसान हमारे समाज की रीढ़ हैं। वे किसान ही हैं जो हमें वह सभी भोजन प्रदान करते हैं जो हम खाते हैं और हृष्ट-पुष्ट रहते हैं। देखा जाये तो भोजन देश की पूरी आबादी ही किसानों पर निर्भर है। चाहे वह सबसे छोटा देश हो या सबसे बड़ा देश। उन्हीं की वजह से हम धरती पर रह पाते हैं, स्वस्थ्य जीवन जी पाते हैं और अपना पेट भर पाते हैं। इस प्रकार किसान इस दुनिया में सबसे महत्वपूर्ण लोग में से एक यानि की हमारे जीवन यापन के लिए रीढ़ की हड्डी माने जाते हैं।

आधुनिक अर्थव्यवस्था में, किसान राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। किसानों का भारतीय अर्थव्यवस्था में लगभग 17% का योगदान होता है। जो सब चीजों के अतिरिक्त सबसे ज्यादा है लेकिन निराशाजनक बात यह है की भारतीय अर्थव्यवस्था में किसानों का इतना ज्यादा योगदान होने के बावजूद एक किसान समाज की हर सुख-सुविधा से वंचित है।

१) क्या हमने कभी सोचा है की हमारी समृध्द कृषि का कारण क्या है?

२) यह हमारे देश के किसान ही हैं जो खेती में कुशल कार्य करते हुए हमारे देश के एक अरब लोगों को भोजन कराने का दिव्य कार्य करते हैं।

३) हालांकि हमारे पास पैसा जरूर है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है की हम भोजन का उत्पादन कर सकते हैं। हम केवल आवश्यक अनाज और दालें तभी खरीद सकते हैं जब वे बाजार में उपलब्ध हों और यह कृषि द्वारा ही संभव है।

४) आज हमारे पास जो भोजन है उसके लिए हमें कृषकों का आभारी होना चाहिए क्योंकि कहीं न कहीं एक किसान ही है जो समाज को खिलाने के लिए अथक प्रयास कर रहा है।

FOR EDUCATIONAL USE

Sundaram®

५) हम हमेशा किसानों के बारे में बात करते हैं और केवल शब्दों से उनकी प्रशंसा करते हैं, हम कभी भी किसानों की मदद के लिए कोई पहल नहीं करते हैं।

६) बड़े पैमाने के किसान हों या छोटे पैमाने के किसान, ये सभी बहुत कम लाभ में और बड़े संतोष के साथ काम करते हैं।

७) ऋण और संघर्षों से घिरे रहने के बावजूद वह कभी खेती करना नहीं छोड़ते और अन्य काम नहीं करते हैं।

८) यह सुनिश्चित करने के लिए की खेती की दिव्य प्रथा समाज की सेवा करती रहे, उन्हें सरकार से अधिक समर्थन की आवश्यकता है।

९) किसानों का वर्तमान स्थिति अत्यंत दुःखद है की हर दिन औसतन लगभग ३० किसान आत्महत्या करते हैं।

१०) हमारे समाज में किसानों की वर्तमान स्थिति में और सुधार की जरूरत है और इसीलिए हमारे देश में किसानों के समृद्ध भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए हम सभी को उनका समर्थन करना चाहिए।

खेती एक ऐसा पेशा है जहाँ बहुत अधिक श्रम और प्रयास की आवश्यकता होती है। किसान हमारे देश की संपत्ति हैं। हमारे देश की रीढ़ की हड्डी है और उनके बिना हमारे जीवन की कल्पना करना असंभव है इसीलिए उनके साथ हमें देश के सेना जैसा सम्मानजनक व्यवहार करना चाहिए। सिर्फ सरकार द्वारा उठाए गए किसानों के लिए कदम ही उनके लिए पर्याप्त नहीं हैं हमें भी उनके महत्त्व को समझने की आवश्यकता है। देश के जिम्मेदार नागरिक के रूप में हमें अपने देश के किसानों को बचाने के लिए आगे आना होगा क्योंकि हम उनके बिना एक दिन भी अपने जीवन को जीने की कल्पना नहीं कर सकते हैं।

जय जवान, जय किसान

धन्यवाद।

Sundaram